बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस नोट

दिनांकः- 03.09.2008

आज माननीय मुख्य मंत्री जी एवं प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चीता हेलीकॉप्टर से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण किया गया ताकि अभी तक जलप्लवित क्षेत्रों में छुटे हुए लोगों की संख्या का आकलन कर उन्हे निष्क्रमित करने की अविलंब कार्रवाई की जा सके।

1. बाढ़ की अद्यतन स्थितिः-

जिला	प्रखंड	पंचायत	गॉव	जनसंख्या (लाख में)	प्रभावित परिवारों की संख्या (लाख में)	प्रभावित पशुओं की संख्या (लाख में)	मृतकों की संख्या
मधेपुरा	11	128	378	11.00	2.20	3.0	11
अररिया	4	48	72	1.01	0.20	0.14	0
सुपौल	5	73	243	8.94	1.79	4.50	0
सहरसा	5	51	113	3.09	0.62	1.58	8
पुर्णिया	6	35	60	0.19	0.04		
कुल	**31**	**335**	**866**	**24.23**	**4.85**	**9.22**	**19**

2. बचाव एवं राहत कार्य के लिए 141 मोटर बोट सहित 1380 नावो का परिचालन किया गया हैं तथा NDRF के 635 जवान इस कार्य में प्रतिनियुक्त किये गये है।

3. 30 कॉलम सेना कार्यरत है तथा 5 कॉलम mobilized है। नौ सेना की चार टुकड़ी को भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

4. बचाव एवं राहत कार्य के लिए पांच जिलों में 257 राहत शिविर, 116 चिकित्सा शिविर तथा 63 पशु शिविर खोले गयें है। 471 अतिरिक्त चापाकल पेय जल हेतु गाड़े गये हैं। साहाय्य शिविरों में 2,52,383 विस्थापितों को आश्रय दिया गया है। बचाव एवं राहत दल द्वारा अब तक 6,48,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

5. **61**,344 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है।

6.   भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा अबतक 69,192 फुड पैकेट्स बाढ़ पीड़ित विभिन्न जिलों में गिराया जा चुका है, जिसमें चूड़ा की मात्रा–2,07,882 कि0ग्रा0, सत्तू–68,946 कि0ग्रा0, गुड़–34,606.00 कि0ग्रा0 तथा नमक–34,606.00 कि0ग्रा0 है। इसके अतिरिक्त मधेपुरा में 53,000, सुपौल में 62,295, अररिया में 9,830 तथा सहरसा में 14,360 फुड पैकेट्स, कुल मिलाकर 1,39,485 फुड पैकेट्स का वितरण किया गया है।

7.   **<u>इन 05 जिलों के अलावा 11 जिला भी बाढ़ प्रभावित है</u>:–** मुजफ्फरपुर/ पटना/ कटिहार/ नालन्दा/ प0 चम्पारण/ खगड़िया/ शेखपुरा/ सारण /बेगूसराय /भागलपुर एवं वैशाली के कुल प्रखंड़ 69 के 404 पंचायत के 1048 गांव प्रभावित हैं। 10.05 लाख जनसंख्या प्रभावित हुये है। 11 जिलों में 3852 मकान क्षतिग्रस्त हुये है। मृतको की संख्या– 47 है। 28 साहाय्य शिविर/ 133 स्वास्थ्य केन्द्र/ 37 पशु चिकित्सा केन्द्र/ 04 मोटरबोट, 1293 नावें/ साहाय्य शिविरों में 4177 विस्थापितों को आश्रय दिया गया है। बचाव एवं राहत दल द्वारा अब तक 30,696 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

मुफ्त वितरित खाद्यान्न 7782.50 क्वींटल/ नगद अनुदान 48.37 लाख/ चना 355 क्वींटल/ नमक 18.25 क्वींटल/ चूड़ा 2498.80 क्वींटल/ सत्तू 350.50 क्वींटल/ गुड़ 377.27 क्वींटल/ दियासलाई 1,35,326/ मोमबती 1,90,541/ किरासन तेल 9224 लीटर/ पॉलीथीन शीट्स 14,919 मीटर वितरित हुए हैं।

8.   बचाव एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

(प्रत्यय अमृत)
अपर आयुक्त